एक नजर में

आज धूमधाम से मनाया जाएगा शिव पार्वती विवाहोत्सव

छिंदवाड़ा। नरसिंहपुर रोड स्थित खापाभाट (सिद्धि विनायक वार्ड क्र. 10) में 1 जून से 8 जून 2026 तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का भव्य आयोजन किया गया है। जिसके दूसरे दिन की कथा में कथा व्यास शुभम कृष्ण शास्त्री (छोटे सरकार) की मधुर वाणी में मानव जीवन का लक्ष्य,24 अवतारों की कथा, वेदव्यास का पावन चरित्र,परीक्षित जन्म की कथा,शुकदेव आगमन,सद्यो मुक्ति क्रम मुक्ति का वर्णन,कपिल देवहूति संबाद का बृहद व्याख्यान किया गया जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं पुरुष वर्ग उपस्थित रहे। श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराने के लिए श्रीधाम वृंदावन के सुप्रसिद्ध कथाव्यास पूज्य गुरुदेव आचार्य शुभम कृष्ण शास्त्री महाराज (छोटे सरकार) छिंदवाड़ा पधार चुके हैं। उनके मुखारविंद से आज तृतीय दिवस की कथा का वर्णन किया जाएगा,जिसमें सती चरित्र,शिव विवाह की कथा,ध्रुव चरित्र एवं उनकी वंशावली का वर्णन, जड़ भरत का पावन प्रसंग,नाम महिमा के अंतर्गत अजामिलोपाख्यान का वर्णन किया जाएगा। प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक महाराज श्री द्वारा कथा की अमृत वर्षा की जा रही है, जिसमें समस्त नगर वासी कथा श्रवण हेतु सादर आमंत्रित हैं। मुख्य यजमान विष्णुप्रसाद - शिवकुमारी साहू एवं निवेदक हरिओम साहू के निज निवास पर आयोजित हो रहे इस महोत्सव के लिए पूरे पंडाल को बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया है। साहू परिवार और समस्त सहयोगियों ने समस्त क्षेत्र वासियों से कथा महोत्सव में सपरिवार पधारकर पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत युवाओं को स्वरोजगार का सुनहरा अवसर

छिंदवाड़ा। म.प्र. शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग तथा उद्योग संचालनालय भोपाल द्वारा युवाओं के लिए उद्यम क्रांति योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत युवाओं को नवीन उद्योग (विनिर्माण), सेवा एवं व्यवसाय स्थापित करने के लिए जिले में संचालित बैंक शाखाओं के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। उद्योग संचालनालय, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत छिंदवाड़ा जिले के लिये योजना के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। योजना के तहत 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के पात्र आवेदक व्यवसाय, उद्योग (विनिर्माण) एवं सेवा श्रेणी की इकाइयों के लिए आवेदन कर सकते हैं। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र छिंदवाड़ा श्री आर. एस. ऊईके ने बताया कि योजना के अंतर्गत व्यवसाय (रिटेल ट्रेड) एवं सेवा क्षेत्र के उद्यमों के लिए 50 हजार रुपये से 25 लाख रुपये तक तथा उद्योग (विनिर्माण) श्रेणी के उद्यमों के लिए 50 हजार रुपये से 50 लाख रुपये तक के ऋण के लिए आवेदन किए जा सकते हैं। इच्छुक आवेदक पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं कक्षा उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। योजना के अंतर्गत स्वीकृत प्रकरणों में उद्यमियों को नियमित किस्तों का भुगतान करने पर अधिकतम 7 वर्षों तक 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अनुदान प्रदान किया जाएगा। साथ ही ऋण गारंटी शुल्क की प्रतिपूर्ति भी 7 वर्षों तक की जाएगी। आवेदन के लिए मध्यप्रदेश का स्थानीय निवासी होना आवश्यक है। आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, जन्मतिथि प्रमाण पत्र, 8वीं अथवा 10वीं की अंकसूची, शैक्षणिक योग्यता संबंधी दस्तावेज, परिवार का आय प्रमाण पत्र, आयकर विवरणियां (यदि परिवार का कोई सदस्य आयकरदाता हो), पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, समग्र आईडी, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी तथा मशीनरी, उपकरण एवं साज-सज्जा संबंधी वर्तमान दरों के कोटेशन संलग्न करना आवश्यक होगा। परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सिंगारदीप में कक्षा 11वीं वाणिज्य संकाय में प्रवेश हेतु 13 जून तक आवेदन आमंत्रित

छिंदवाड़ा। म.प्र. स्पेशल एंड रेसिडेंशियल एकेडमिक सोसायटी भोपाल द्वारा जिले के विकासखंड बिछुआ में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सिंगारदीप में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों से कक्षा 11वीं वाणिज्य संकाय (बालक वर्ग) की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिये आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सिंगारदीप के प्राचार्य ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी अथवा उनके अभिभावक विद्यालय कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर निर्धारित तिथि 13 जून 2026 तक जमा कर सकते हैं। चयन 10वीं कक्षा में प्राप्त अंकों/प्रतिशत के आधार पर तैयार मेरिट सूची के अनुसार किया जाएगा। प्रवेश के लिए केवल अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थी पात्र होंगे। आवेदक का पूर्व अध्ययन कक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। आवेदन के साथ कक्षा 10वीं की अंकसूची, आधार कार्ड, समग्र आईडी, दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), एमपीटास प्रोफाइल पंजीयन, फोटो एवं मोबाइल नंबर संलग्न करना अनिवार्य होगा। विद्यालय प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि प्रवेश मेरिट के आधार पर दिया जाएगा। समान अंक होने की स्थिति में विद्यालय प्रबंधन समिति का निर्णय मान्य होगा। निर्धारित प्रारूप में प्राप्त आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे तथा अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

पहल परासिया की सियाल घोघरी कोयला खदान में महिलाओं ने रचा इतिहास, सियाल घोघरी कोयला खदान प्रबंधन की अनोखी पहल

सैकड़ों फिट नीचे खदान में उतरकर कोयला उत्पादन में सहभागिता निभायेगी महिलाएं

भारत राय

परासिया, 3 जून, सियाल घोघरी कोयला खदान प्रबंधन ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए पहली बार 28 महिलाओं को अंडरग्राउंड कोयला खदान में श्रमिक के रूप में कार्य करने का अवसर दिया है। हजारों फीट की गहराई में पुरुष श्रमिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही ये महिलाएं अब खदान की उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ सामाजिक बदलाव की नई मिसाल भी बन गई हैं। इस पहल में शामिल महिलाओं में सोनम पहाड़े, सरला पाटिल, पूनम साहू, सरोज झाड़े और सारिका उइके सहित कुल 28 महिलाएं शामिल हैं, जो आसपास के 7-8 गांवों से आती हैं। इनमें से अधिकांश महिलाएं साधारण परिवारों और पिछड़े वर्ग से संबंधित हैं।

खदान प्रबंधन ने महिलाओं को अंडरग्राउंड कार्य के लिए तैयार करने से पहले उनके परिवारों की लिखित सहमति प्राप्त की। इसके बाद 18 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 6 दिन की कक्षा आधारित ट्रेनिंग और 12 दिन की ऑन-जॉब ट्रेनिंग शामिल थी। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद महिलाओं को आधिकारिक रूप से भूमिगत खदान में कार्य के लिए नियुक्त किया गया।

इस महत्वाकांक्षी पहल को सफल बनाने में यूनिट हेड भूपेंद्र सिंह चौधरी की दूरदर्शी सोच और नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन में अमित पांडे, मृत्युंजय कुमार, देवाशीष पटियाल, आदित्य कुशवाहा, सौरभ वर्मा, एच.पी. सोनी, बावन सिंह, सुशील साहू, हरिशंकर चौरसिया और प्रबल श्रीवास्तव सहित कई अधिकारियों ने इस अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया।

सीएसआर टीम की अहम भूमिका

खदान की सीएसआर टीम ने गांव-गांव जाकर महिलाओं और उनके परिवारों को इस पहल के लाभों के बारे में जानकारी दी। टीम ने महिलाओं की शंकाओं का समाधान किया, उन्हें प्रेरित किया और प्रशिक्षण प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। यूनिट हेड भूपेंद्र सिंह चौधरी के अनुसार, यह पहल केवल उत्पादन बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में महिलाओं की भागीदारी और आत्मनिर्भरता को नई पहचान देने का प्रयास भी है।

क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक पहल

यह कदम न केवल कोयला उद्योग में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों की अन्य महिलाओं को भी नए अवसरों की ओर प्रेरित करेगा। सियाल घोघरी कोयला खदान की यह पहल इस बात का प्रमाण है कि उचित प्रशिक्षण, अवसर और आत्मविश्वास मिलने पर महिलाएं किसी भी चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। महिला सशक्तिकरण और औद्योगिक विकास का यह संगम परासिया क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गया है।

बा. ब. सुमतप्रकाश जैन का आगमन 4 जून को

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 3 जून, सकल जैन समाज सहित दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के जिनवाणी तत्वरसिक साधर्मियों के महान पुण्योदय से जैन दर्शन के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वान युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत बाल ब्रह्मचारी पंडितश्री सुमत प्रकाशजी जैन का छिंदवाड़ा आगमन 4 जून की रात्रि को हो रहा है।

फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि बाल ब्रह्मचारी पंडित सुमत प्रकाशजी जैन के मंगल सानिध्य में 6 दिवसीय वात्सल्य महोत्सव शुक्रवार 5 जून से बुधवार 10 जून तक वीतराग भवन अहिंसा स्थली गोल गंज में मनाया जावेगा। जिसका शुभारंभ 5 जून को प्रातः 7 बजे अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में श्री जिनेन्द्र पूजन से होगा पश्चात वीतराग भवन में प्रातः 8.30 बजे से आध्यात्मिक सतपुरुष गुरुदेवश्री कानजी स्वामी के सीडी प्रवचन, प्रातः 9 बजे से बा. ब्र. सुमत प्रकाशजी जैन के मंगल प्रवचनों को सुनने का लाभ सकल समाज को प्राप्त होगा। वहीं दोपहर 4 बजे से प्रवचन रात्रि 7.30 बजे से बच्चों की पाठशाला एवं 8.30 से मंगल प्रवचनों का लाभ वीतराग भवन में 10 जून तक प्रतिदिन सकल समाज को प्राप्त होगा।

कांग्रेस के समस्त प्रकोष्ठ जिलाध्यक्षों की बैठक संपन्न

ब्लॉक, क्षेत्रीय और बूथ स्तर पर भी सक्रिय नजर आएंगे प्रकोष्ठों के पदाधिकारी

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 3 जून, राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस के समस्त प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्षों की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में प्रकोष्ठों का ब्लॉक, क्षेत्रीय और बूथ स्तर पर विस्तार किए जाने पर चर्चा हुई। वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने जिला अध्यक्षों को ब्लॉकों का दौरा करने और विस्तार के निर्देश दिए।

कांग्रेस के समस्त प्रकोष्ठ आगामी दिवसों में ब्लॉक स्तर पर सक्रिय होंगे। क्रमबद्ध तरीके से क्षेत्रीय स्तर और फिर बूथ पर प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मजबूती के साथ खड़े नजर आएंगे। आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने कहा जिला कांग्रेस कमेटी के महत्वपूर्ण अंग प्रकोष्ठ है। प्रकोष्ठों की मजबूती से ही जिला कांग्रेस सशक्त होती है, इसीलिये समस्त प्रकोष्ठ जिलाध्यक्षों की यह जिम्मेदारी है कि वे पहले ब्लॉक स्तर पर सक्रिय होकर विस्तार करें फिर क्षेत्रीय स्तर पर और बूथ स्तर पर सशक्त प्रकोष्ठों की एक टीम तैयार करें। आगामी दिनों में कुछ प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्षों ने ब्लॉक स्तर पर दौरा किया जिसकी उन्होंने बैठक में सराहना की साथ ही सभी से इसी तरह के कार्य करने की अपेक्षा भी की।

4 गंभीर मरीजों को दिलाई 2 लाख की आर्थिक सहायता राशि

छिंदवाड़ा। संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से गंभीर रूप से बीमार एवं आर्थिक रूप से कमजोर 4 मरीजों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से 2 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। यह आर्थिक सहायता राशि मिलने से नागपुर और छिंदवाड़ा के अस्पतालों में भर्ती आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के पांचों गंभीर मरीजों का बेहतर इलाज हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों गंभीर रूप से बीमार मरीजों के परिजनों ने सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात कर बिमारी के इलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलाने का निवेदन किया था। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर चारों मरीजों को इलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने का निवेदन किया था।

हर्रई ब्लॉक के खाद व्यापारियों की समस्या को लेकर विधायक कमलेश प्रताप शाह ने कलेक्टर को लिखा पत्र

नवभारत न्यूज

हर्रई, 3 जून, अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक कमलेश प्रताप शाह ने हर्रई विकासखंड के कृषि केंद्र खाद-बीज व्यापारियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर छिंदवाड़ा को पत्र लिखकर शीघ्र समाधान की मांग की है।

विधायक द्वारा भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि हर्रई क्षेत्र के खाद-बीज केंद्र संचालकों ने शिकायत की है कि जिले के कुछ यूरिया खाद थोक विक्रेताओं द्वारा खुदरा व्यापारियों को निर्धारित मूल्य से अधिक राशि पर खाद उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही यूरिया खाद के साथ अन्य कृषि सामग्री खरीदने का दबाव भी बनाया जाता है। व्यापारियों का आरोप है कि यदि अतिरिक्त सामग्री नहीं खरीदी जाती, तो उन्हें यूरिया खाद उपलब्ध नहीं कराई जाती। पत्र में विधायक ने बताया कि इस व्यवस्था के कारण किसानों और स्थानीय व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि यूरिया खाद को निर्धारित दर पर बिना किसी अतिरिक्त सामग्री की अनिवार्यता के उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसानों को शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर खाद मिल सके। विधायक कमलेश प्रताप शाह ने जिला प्रशासन से मामले में तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा किसानों और व्यापारियों को राहत प्रदान करने की मांग की है। इस पहल से हर्रई क्षेत्र के किसानों और खाद-बीज व्यापारियों में उम्मीद जगी है कि उनकी समस्या का जल्द समाधान होगा।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बैंक शाखा प्रबंधकों को किया सम्मानित

बैंकों की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय समीक्षा एवं समन्वय समिति की बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 3 जून, जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की मार्च 2026 तिमाही की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर हरेन्द्र नारायन द्वारा संबंधित सभी विभागों को निर्देश दिए गए कि इस वर्ष भी सभी योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के लिए इन योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाई जाए तथा लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

बैठक में नाबार्ड द्वारा तैयार वार्षिक क्रेडिट प्लान के लक्ष्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से युवाओं एवं ग्रामीण नागरिकों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। पशुपालन विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि कामधेनु योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता के लिए पंचायत स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जन जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। बैठक में यह भी बताया गया कि 18 मई से 18 जून तक पशुधन एवं पशुपालकों के लिए जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शाखा प्रबंधक सम्मानित

बैठक के अंत में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान मध्यप्रदेश आदिवासी वित्त एवं विकास निगम द्वारा प्रायोजित भगवान बिरसा मुंडा स्व- रोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना अंतर्गत 100 प्रतिशत के ऊपर उपलब्धि प्राप्त करने वाले बैंक शाखा प्रबंधकों को कलेक्टर हरेंद्र नारायन, नगर निगम महापौर विक्रम अहके, शेषराव यादव, सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक सतीश कुमार की ओर से प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा
Municipal Corporation Chhindwara
Add.In tront ot shukla gound. guraiya road Tel-07162-222346 E-mail-commchhindwara@mp.gov.in
क्र/1305/ग.प्रा.(लीज)/न.पा.नि./26छिंदवाड़ा दिनांक 03/06/2026

::-आम-सूचना आपत्ति-इश्तहार-::

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिक निगम स्वामित्व की भूमि ब्लाक नं.03 प्लाट नं.45/2- ए रकबा 12.5' X100'=1250 वर्गफुट भूखण्ड पर आवेदिका श्रीमति अश्विनी जावड़ेकर पति श्री दिनेश जावड़ेकर के द्वारा आवेदन पत्र मय पंजीकृत बैनामा, शपथ पत्र, आधार कार्ड प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड की लीज स्वयं के नाम से नामांतरण एवं नवीनीकरण किये जाने की मांग की गई है।उक्त भूखण्ड लीजधारी श्री रत्नाकर जावड़ेकर पिता श्री मुरलीधर जावड़ेकर के नाम पर दर्ज है आवेदिका श्रीमति अश्विनी जावड़ेकर पति श्री दिनेश जावड़ेकर द्वारा पंजीकृत बैनामा पंजीयन क्रमांक MP54IGR17052026A 100615178 दिनांक 25.05.2026 के द्वारा के द्वारा विक्रेता- श्री रत्नाकर जावड़ेकर पिता श्री मुरलीधर जावड़ेकर से क्रय किया गया है।आवेदिका द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर म.प्र.नगर पालिका अचल सम्पत्ति का अंतरण नियम 2016 यथा संशोधित में वर्णित प्रावधानों के अनुसार उक्त भूखण्ड की लीज नामांतरण किये जाने की कार्यवाही प्रस्तावित है।उक्त भूखण्ड की चतुर्थ सीमा निम्नानुसार है:- उत्तर में -विजय जोशी का मकान, दक्षिण में-स्नेहलता अग्रवाल का मकान,पूर्व में-म्युनिसिपल रोड,पश्चिम में-म्युनिसिपल रोड है।

प्रस्तुत आवेदन पत्र मय संलग्न दस्तावेजों के आधार पर उक्त भू-खण्ड की लीज नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति अथवा कोई हितबद्ध पक्षकार को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर स्वामित्व संबंधी समस्त दस्तावेजों सहित कार्यालय नगर पालिका निगम छिन्दवाड़ा में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित में अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि बाद किसी भी दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा(म.प्र.)

न्यायालय तहसीलदार परासिया, ज़िला छिंदवाड़ा
//इश्तेहार//
रा.प्र.क.807/अ-6/2025-2026
मौजा खिरसाडोह

रफीक खान विरूध म.प्र.शासन

एतद द्वारा आम जनता ग्राम खिरसाडोहमाल तहसील परासिया जिला छिन्दवाड़ा को सूचित किया जाता है कि आवेदक रफीक खान पिता हफीज खान निवासी खिरसाडोह तहसील परासिया मौजा खिरसाडोह में स्थित निम्न लिखित भूमि का वसीयत से नामांतरण / विक्रय पत्र नामांतरण / वसीयतनामा / बंटवारा रिकार्ड दुरूस्ती / कब्जा हेतु आवेदनपत्र न्यायालय में पेश किया है।

भूमि का विवरण निम्नानुसार है:-
क्रमांक-1, ग्राम का नाम / पटवारी हल्का0 खिरसाडोह, खसरा क्रमांक- 115, रकबा हे.-0.004,

अतः उक्त वर्णित भूमि का वसीयत से नामांतरण / विक्रय पत्र नामांतरण / बटंवारा रिकार्ड दुरूस्ती / कब्जा किये जाने में जिस किसी भी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी दिनांक को 10/6/2026 को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। नियत पेशी तारीख पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।
जारी दिनांक-03/06/2026
पेशी दिनांक-10/06/2026
टीप: दो स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशन पश्चात समाचार पत्र प्रकरण में सलंग्न हो।

तहसीलदार
परासिया, जिला-छिंदवाड़ा (म.प्र.)

तैयारी 5 जून से 21 जून तक विशेष अभियान के तहत होंगे विविध कार्यक्रम, कलेक्टर ने तैयारियों की समीक्षा

पर्यावरण दिवस से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक चलेगा विशेष अभियान

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 3 जून, राज्य शासन के निर्देशानुसार 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस से लेकर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। इस दौरान भारत सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनजागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है।

इस संबंध में कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर अभियान के तहत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्यक्रमों का सफल एवं प्रभावी आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा जनभागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया।

निर्धारित कार्यक्रमों के तहत 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित गतिविधियों के लिए वनमंडलाधिकारी पूर्व, पश्चिम एवं दक्षिण वन मंडल तथा नगरीय क्षेत्र में आयुक्त नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। 05 जून से ही एक पेड़ मां के नाम महाभियान 3.0 की शुरूआत होगी, जो 30 सितंबर 2026 तक चलेगा। स्वच्छता अभियान के तहत जल स्त्रोतों की साफ-सफाई का कार्य भी किया जाएगा।

इसी प्रकार 12 जून से 18 जून तक आयोजित होने वाले जनकल्याण शिविरों के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं आयुक्त नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 19 एवं 20 जून को जिले के दोनों कृषि विज्ञान केंद्रों में आयोजित होने वाली प्राकृतिक खेती कार्यशालाओं के लिए उप संचालक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

100% जल विलेय उर्वरक के उत्पादन, भंडारण और बिक्री के संबन्ध में सूचना

कृषि सहकारिता और किसान कल्याण हेतु भारत सरकार द्वारा जारी किए गये आदेश क्रमांश 2900 (E) दिनांक 24 अक्टूबर 2015 के सन्दर्भ में कृषि निदेशक, मध्य प्रदेश को अवगत कराना चाहेंगे कि दयाल फर्टिलाइज़र्स मेरठ द्वारा 100% जल विलेय मिश्रित उर्वरक की निम्नलिखित रेंज प्रस्तुत की जाएगी जिसका विवरण निम्नलिखित रूप में कर रहें हैं।

क्रम सं.	विवरण	NPK,S 15:25:20,4	NPK,Ca,B 05:38:18,.2,0.2	NPK,S,B 08:06:35,7,0.2	NPK,B 14:15:30,0.2	NPK,B 15:30:20,0.2	NPK,Ca,S,B 11:32:14,3,2,0.3	NPK,S,B 08:24:08,10,0.3	NPK,Ca,S,B 06:12:30,.7,.7,0.3	NPK,Ca,S,B 18:16:08,.2,.2,0.2	NPK,S,B 12:16:24,3,0.3	NPK,Ca,S,B 11:05:32,.2,.5,0.5	NPK,Ca,S,B 06:20:32,.2,.4,0.3	NPK,Ca,S,B 07:15:35,.2,.6,0.3
1.	नमी प्रतिशत (वजन में) अधिकतक	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5
2.	कुल नाइट्रोजन प्रतिशत (वजन में) न्यूनतम	15	05	08	14	15	11	8	6	18	12	11	6	7
3.	जल विलेय फॉस्फेट (P_2O_5 के रूप में) प्रतिशत (वजन में) न्यूनतम	25	38	06	15	30	32	24	12	16	16	05	20	15
4.	जल विलेय पोटाश प्रतिशत (वजन में) न्यूनतम	20	18	35	30	20	14	08	30	08	24	32	32	35
5.	कैल्शियम प्रतिशत (Ca के रूप में) (वजन में) न्यूनतम		02				03		03	02		02	02	02
6.	सल्फर प्रतिशत (S के रूप में) (वजन में) न्यूनतम	04		07			02	10	07	02	03	05	04	06
7.	बोरॉन प्रतिशत (B के रूप में) (वजन में) न्यूनतम		0.2	0.2	0.2	0.2	0.3	0.3	0.3	0.2	0.3	0.5	0.3	0.3
8.	क्लोराइड का कुल प्रतिशत (वजन का प्रतिशत) अधिकतम	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5
9.	पानी में अघुलनशील पदार्थ, (वजन का प्रतिशत), अधिकतम	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5
10.	सोडियम NaCl के रूप में (वजन का प्रतिशत), अधिकतम	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5

ISO 9001
दयाल फर्टिलाइज़र्स (प्रा0) लिमिटेड
दिल्ली रोड परतापुर, मेरठ-250103, फोन : +91 9792201571
टोल फ्री नं0: 1800 270 1979
e-mail: info@dayalgroup.com • Web: www.dayalgroup.com